**1-Four Indian-origin children are among five winners of a premier science and engineering competition for middle school students in the US, with a 14-year-old Indian-origin boy taking the top award.**

भारतीय मूल के चार बच्चों सहित कुल पांच बच्चों ने अमेरिका में माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की एक अहम प्रतियोगिता जीती है। इनमें भारतीय मूल के 14 वर्षीय छात्र ने शीर्ष पुरस्कार जीता है।

**2-The US Food and Drug Administration (FDA) has authorized the emergency use of the Pfizer-BioNTech Covid vaccine in children between five and 11 years.**

अमरीका के खाद्य और औषध प्रशासन ने 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए फाइज़र-बायोएनटेक की कोविड वैक्सीन को मंज़ूरी दे दी है।

**3-The Union Minister of Home Affairs and Minister of Cooperation, Amit Shah launched the Mukhyamantri Ghasiyari Kalyan Yojana and computerization of cooperative societies in Dehradun, Uttarakhand.**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपनी उत्तराखंड यात्रा के दौरान देहरादून में मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना और सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का शुभारंभ किया।

**4-Union Minister for Ports, Shipping & Waterways and AYUSH SarbanandaSonowal inaugurated a new Lighthouse at Valiyazhikkal in Alappuzha district of Kerala.**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने केरल के अलाप्पुझा जिले के वलियाझिक्कल में एक नए लाइटहाउस का उद्घाटन किया।

**5-Dr. Virendra Kumar, Union Minister of Social Justice & Empowerment inaugurated the rehabilitation and hostel building of Composite Regional Centre (CRC) Lucknow at its premises.**

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) लखनऊ में पुनर्वास एवं छात्रावास भवन का उद्घाटन किया।

**6-The Navy received its first P15B stealth guided-missile destroyer from Mazgaon Dock Shipbuilders.**

नौसेना ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड से पहला निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक 'पी15बी' प्राप्त किया।

**7-Prime Minister Narendra Modi met with French President Emmanuel Macron on the sidelines of the G20 summit and the two leaders had "productive discussions" on the strategic bilateral ties and on a range of issues of mutual and global interests.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और दोनों नेताओं के बीच सामरिक द्विपक्षीय संबंधों और हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत आपसी एवं वैश्विक हितों के कई मुद्दों पर "सार्थक चर्चा" हुई।

**8-A 14-day joint training exercise between the armies of India and the US has concluded at Elmendorf Richardson joint base in Alaska.**

भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 14 दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास अलास्का के एल्मेंडोर्फ रिचर्डसन संयुक्त अड्डे पर संपन्न हो गया।

**9-Indian Grandmaster P Iniyan emerged winner in the 5th Rujna Zora chess tournament held with seven points from nine rounds.**

भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियान पांचवें रूजना जोरा शतरंज टूर्नामेंट में नौ दौर में सात अंक जुटाकर विजेता रहे।

**10-Hockey Madhya Pradesh defeated Hockey Haryana 1-0 to win the 11th Hockey India Senior Womens National Championship 2021 in Jhansi, while Hockey Punjab went past Hockey Maharashtra 2-1 to finish third in the competition.**

हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2021 में झांसी में हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी हरियाणा को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया, जबकि हॉकी पंजाब ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।